गीडा में कपिला कृषि उद्योग की तरफ से 100 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2023 को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि कपिला कृषि उद्योग की तरफ से गीडा में करीब 100 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को मंज़ूरी मिल गई है।

प्रमुख बिंदु

- अनुज मलिक ने बताया कि पेप्सिको जैसी कई बड़ी कंपनियों के साथ कपिला कृषि उद्योग कंपनी भी गीडा में उद्योगों को रफ्तार देने आ रही है। गीडा सेक्टर 27 में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से पशु आहार बनाने वाली कंपनी फैक्टरी लगाने जा रही है।
- इससे करीब 500 लोगों को प्रत्यक्ष व 500 को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। यह कंपनी पशु आहार बनाने की प्रचलित ब्रांड में से एक है। इसके गीडा में निवेश करने से अन्य बड़े उद्योगों को भी गोरखपुर के लिये आकर्षित करने में मदद मिलेगी।
- कंपनी को इसके लिये सेक्टर 27 में 62 हज़ार वर्ग मीटर जमीन भी आवंटित कर दी गई है। गीडा के स्थापना दिवस समारोह में बड़े उद्यमियों के साथ मुख्यमंत्री बैठक कर निवेश प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे।
- गीडा क्षेत्र में लगातार बड़ी कंपनियों की तरफ से निवेश किया जा रहा है। पिछले महीने ज्ञान डेयरी और उससे पहले तत्वा प्लास्टिक फैक्टरी का उद्घाटन हुआ था। पेप्सिको कंपनी की ओर से निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा अल्कोहल फैक्टरी का भी निर्माण हो रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-investment-proposal-of-rs-100-crore-by-kapila-agro-industry-in-gida